ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 01 विक्रम संवत् 2080 जनवरी 2024 | पृष्ठ 34

संरक्षक : विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी




प्रकाशक

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं
जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

Narayan

ISSN : 2582-6360

# विश्व दीप दिव्य संदेश

मासिक शोध पत्रिका

वर्ष 28 | अंक 01 विक्रम संवत् 2080 जनवरी 2024 | पृष्ठ 34

परामर्शदाता

देवर्षि कलानाथ शास्त्री

प्रो. बनवारीलाल गौड़

प्रो. दयानन्द भार्गव

प्रो. कैलाश चतुर्वेदी

डॉ. शीला डागा

प्रो. (डॉ.) गणेशीलाल सुथार

प्रधान सम्पादक

श्री सोहन लाल गर्ग

श्री एम.एल. गर्ग

सम्पादक

डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा

सह-सम्पादक

डॉ. रघुवीर प्रसाद शर्मा

तिबोर कोकेनी

श्रीमती अन्या वुकादिन

- प्रमुख संरक्षक -

परम महासिद्ध अवतार श्री अलखपुरी जी

परम योगेश्वर स्वामी श्री देवपुरी जी

- प्रेरणास्त्रोत -

भगवान् श्री दीपनारायण महाप्रभुजी

- संस्थापक -

परमहंस स्वामी श्री माधवानन्द जी

- संरक्षक -

विश्वगुरु महामण्डलेश्वर परमहंस

श्री स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी

- प्रबन्ध सम्पादक -

महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वर पुरी

प्रकाशक

## विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान

(राजस्थान संस्कृत अकादमी एवं जगद्गुरुरामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध)

कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in | **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram | **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org

Sponsored by : **Narayan D.O.O. - narayanfoods.com**

# अनुक्रमणिका


| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | सम्पादकीय | डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा | 3 |
| 2. | YOGA SUTRAS OF PATANJALI | Swami Maheshwaranandapuri | 4 |
| 3. | संस्कृत नाटकों में विलक्षण रामकथा | देवर्षि कलानाथ शास्त्री | 11 |
| 4. | मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम | पं. महेश दत्त शर्मा | 17 |
| 5. | अवधपुरी अति रूचिर बनाई | म.म. स्वमी ज्ञानेश्वरपुरी | 25 |
| 6. | राष्ट्रोपनिषत् | डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर | 31 |


विश्वदीप दिव्य संदेश पत्रिका का वार्षिक सदस्यता शुल्क **800/- रूपये**

**खाता संख्या : 5013053111**
**IFS Code : KKBK0003541**

मुद्रण : **कन्ट्रोल पी**, जयपुर - मो. : 9549666600

# सम्पादकीय

विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित मासिक शोधपत्रिका का वर्ष 2024 का प्रथम अंक आपके करकमलों में अर्पित करते हुए अत्यधिक हर्ष का अनुभव हो रहा है। भारतीय धर्म-संस्कृति के शोधलेखों का यह संग्रह विद्वानों द्वारा सराहा जा रहा है। यह अंक मर्यादापुरूषोत्तम भगवान श्रीराम को समर्पित है। इस विशेषांक में भगवान श्रीराम के उदात्त चरित को दर्शाया गया है। विद्वानों द्वारा नियमित भेजे जा रहे शोधलेख हमारा मनोबल बढ़ा रहे हैं व पत्रिका के महत्त्व को भी आलोकित कर रहे हैं। पूर्व अंकों में सभी उच्चस्तरीय विद्वानों के लेख प्रकाशित हुए हैं।

इसमें सर्वप्रथम महामण्डलेश्वर स्वामी महेश्वरानन्दपुरीजी द्वारा लिखित YOGA SUTRAS OF PATANJALI शोध लेख में पातंजलयोगसूत्र के प्रतिपाद्य की आधुनिक सन्दर्भ में उपयोगिता दर्शायी गयी है। तत्पश्चात् देवर्षि कलानाथ शास्त्री द्वारा लिखित **'संस्कृत नाटकों में विलक्षण रामकथा'** नामक शोधलेख में भगवान श्रीराम के संस्कृत नाटकों के माध्यम से विभिन्न स्वरूपों का दर्शन कराया गया है। तत्पश्चात् पं. महेशदत्त शर्मा द्वारा संकलित **'मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम'** लेख में भगवान राम के पुरुषों में उत्तम स्वरूप का दर्शन मिलता है। इसी क्रम में महामण्डलेश्वर ज्ञानेश्वरपुरी जी द्वारा लिखित **'अवधपुरी अति रूचिर बनाई'** नामक शोधलेख में पुण्यनगरी अयोध्या पावन नदी सरयू के पौराणिक एवं ऐतिहासिक महत्त्व का वर्णन किया गया है साथ ही भगवान श्री राम के वंशानुक्रम का भी उल्लेख किया है। अन्त में स्व. डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर के 'राष्ट्रोपनिषत्' के कतिपय पद्य प्रकाशित किये गये हैं, जो गुरुशिष्यपरम्परा के गौरव को प्रदर्शित करने के साथ साथ आत्मचिन्तन की प्रेरणा प्रदान करने वाले हैं।

आशा है, सुधी पाठक इन्हें रुचिपूर्वक हृदयंगम करने में अपना उत्साह पूर्ववत् बनाये रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित....

**–डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा**

# YOGA SUTRAS OF PATANJALI

## A Guide to Self-knowledge

**Mahamandleshwar Paramhans**
**Swami Maheshwaranandapuri**

तेप्रतिप्रसवहेयाःसूक्ष्माः ॥१० ॥

**10. tepratiprasava-heyāḥsūkṣmāḥ.**

*te – this*
*pratiprasava – return to the origin*
*heyā – give up, dissolve, end, make disappear*
*sūkṣmā – subtle, fine*

**These subtle imprints are dissolved in the return to the origin.**

The imprints in consciousness resulting from experiences and desires in this and previous lives dissolve only with the return to the origin (*samādhi*). Their subtlest remnants, such as the survival instinct mentioned earlier, which is still present even in the consciousness of the enlightened one, fully pass away only in the highest *samādhi consciousness,* the *nirbījasamādhi*. The types and stages of *samādhi*have already been mentioned in the introduction to the *Samādhi-Pāda*and are explained in more detail in the 4th part, *Kaivalya-Pāda.* It happens – but is by no means always the case – that someone who continually remains in the *nirbījasamādhi*leaves the body within a few weeks and dies. This can happen because in this level of consciousness there is basically no longer any relationship to the body and those instincts have dwindled which provide for the maintenance of earthly life. To keep the body alive, one has to pay attention to it and take care of it. However, one who is one with the supreme consciousness no longer identifies themselves with physical existence and therefore does not think of food and drink. The body

is completely indifferent to them, like a worn-out garment. If a Realised One nevertheless remains longer on earth – as my Master Holy Guruji did – they do so out of love for their disciples and for the benefit of humanity.

ध्यानहेयास्तद्वृत्तयः ॥ ११ ॥

**11. dhyāna-heyās-tad-vṛttayaḥ**

*dhyāna – meditation*
*heyās – dissolve*
*tad – these*
*vṛttaya – vrittis*

**In meditation these *vrittis*can be dissolved.**

The *vrittis*caused by the five types of disturbances (*kleshas*) mentioned earlier can be overcome in meditation.

In meditation and self-analysis, we realise our *dharma* as human beings and the eternal and indestructible connection to God. We realise that all being has its origin in Him. But if all beings are "related" to God, that is, of the same nature as Him, then consequently all are equally deserving of honour and respect.

SrīMahāprabhujī said, "Love all living entities, if not more, at least as much as yourself."

Thus, through meditation and right cognition, the *kleshas*and their associated negative *vrittis*gradually dissolve.

क्लेशमूलः कर्माशयो दृष्टादृष्टजन्मवेदनीयः ॥ १२ ॥

**12. kleśa-mūlaḥ karma-āśayodṛṣṭa-adṛṣṭa-janma-vedanīyaḥ**

*kleśa – disturbance, strife*

*mūla – root*
*karma – action, fate*
*āśaya – place, place*
*dṛṣṭa – visible*
*adṛṣṭa – invisible*
*janma – birth*
*vedanīya – expressed, felt, experienced*

***Kleshas*are the cause of *karma*, which has its effect in the present and future life.**

The roots of birth, death and destiny are hidden in the causal body, the shell of *karma.* Within it exist two types of *karmas*: one whose effect we feel right now, and one whose "fruits" will arrive only in the future.

Do not constantly occupy yourself with the past, since you can no longer change it. Rather, direct your attention to the present, in which you can consciously shape your future destiny through thoughts, words and actions.

Follow the teaching of SrīMahāprabhujī: "Let the past be past – even the present moment immediately belongs to the past – and create your future in the present."

If a misfortune has befallen you in the past, thank God that it is now over, and at the same time ask Him to teach you a lesson for the future. Do not, however, be depressed in the present by past events, but free your mind from attachment to them.

In this context, the question arises as to how it is possible to dissolve *karma* completely. Suppose we were able, through years of *sādhana,* to get ridof all previous *karma,* what happens to the new *karma* that we create afterwards?

According to the teachings of the Bhagavad Gītā, when one has freed themselves from *karma,* the fruits of further *karmas* no longer affect them:

> He who has separated himself from his attachments, whose mind is established in wisdom and who performs all actions as sacrifices (to God), is freed from all karmic effects. (4/23)

Whatever a Realised One does, no personal *karmas* remain attached to them.

The shell of the body does present a certain temporary barrier, but both in the body and after leaving physical existence, their pure consciousness is forever united with the Supreme Self.

सति मूलेतद्विपाकोजात्यायुर्भोगाः ॥१३ ॥

**13. sati mūle tad-vipākojāty-āyur-bhogāḥ**

*sati – being there, existing*
*mūla – root*
*tad – this*
*vipāka – fruit, result, consequence*
*jāti – birth, form*
*āyuh(r) – life*
*bhoga – experience (of joy and sorrow)*

**As long as this root exists, it produces fruit in the form of rebirth and experiences in life.**

Ignorance is the root of *karma*, which chains us to the wheel of life and death, to the interplay of joy and suffering. It is the cause of our being born again and again.

However, it is not self-evident that a human being will be born again as a human being in the next life. The *ātma* can also migrate into an animal body if the consciousness and qualities attached to it point in that direction. But even birth as a human being does not necessarily mean good *karma*. Many humans live on earth more miserably than animals. An animal, on the other hand, can also experience good *karma* in a free and happy life.

तेह्लादपरितापफलाःपुण्यापुण्यहेतुत्वात् ॥ १४ ॥

**14. tehlāda-paritāpa-phalāḥpuṇya-apuṇya-hetutvāt**

*te – this*
*hlāda – refreshment, refreshment*

*paritāpa – heat, pain*
*phalā – fruit, seed, consequence, reward and punishment*
*puṇya – right, good, pure*
*apuṇya – wrong, evil, impure*
*hetutvāt – cause, causality*

**These (fruits of *karma*) consist of joy or sorrow, according to the good or bad deeds.**

The cosmic law of *karma* is based on the fundamental rule that good deeds produce good fruits – happiness and joy – and bad deeds produce bad fruits – unhappiness and suffering – in life.

Sin is when we do something that hurts others by thought, word, or deed– that is, an offense against the principle of *ahimsā*.

AHIMSĀPARAMODHARMA – "Non-violence is the highest commandment."

All religious commandments and prohibitions are derived from this maxim. To hurt someone even in thought is already sinful. This *karma,* too, will eventually affect the perpetrator and bring them suffering.

In the Golden Teachings of SrīMahāprabhujī it says:
Be kind to all living beings. If you hurt others, you will be hurt yourself.
Do for others what you would like to experience yourself. You will get back whatever you give.

As long as the astral and causal bodies are not dissolved, *karma* travels with us in life and in death. Only the knowledge of our true self and its experience *(ātmagyāna)* can free us from this cycle.

परिणामतापसंस्कारदुःखैर्गुणवृत्तिविरोधाच्च दुःखमेवसर्वं विवेकिनः ॥ १५ ॥

**15. pariṇāma-tāpa-saṁskāra-duḥkhair-guṇa-vṛtti-virodhāc-ca duḥkham-evasarvaṁvivekinaḥ**

pariṇāma – transformation, change

tāpa – sorrow, pain
saṁskāra – impressions
duḥkha – suffering, problems
guṇa – quality, characteristic
virodhā – contrast
sarva – all
vivekina – the discriminator

**The sage recognises that everything in the world ultimately causes suffering because of impermanence, unfulfilled desire, memory, and conflicting emotions.**

Patanjali calls the one who has attained vivekaand, on the basis of this discernment, recognises impermanence, delusion and disappointment in all events and things of this world – be they joyful or marked by problems, sorrow and worries – a knower.

When we enjoy something beautiful, it gives us pleasure for the moment; but one day it will cause us pain – namely, when it has passed away or no longer satisfies us. That is why the sage says: give up everything worldly and focus your concentration on the unchanging, divine. Do not cling to that which makes you suffer because of its impermanence, and turn to that which is imperishable.

Pleasure, comfort, happiness and possessions lead to attachment (rāga), subsequently to conflict (klesha) and finally to aversion (dvesha) and sorrow (duhkha). In every worldly pleasure lies hidden the seed of sorrow – lasting happiness we gain only in union with the divine Self!

In this sūtrafour kinds ofDUHKHASare mentioned:

PARINĀMADUHKHAgenerally refers to all those painful feelings arising from impermanence.

Worldly things do not give fulfilment and lasting satisfaction. On the contrary, they act like addictive substances, for which our desire increases the more we consume them. If we have an apartment, we desire a house. If we own a small car, we soon desire a larger one. Thus, we accumulate more and more possessions and yet never become "full", but on the contrary "hungry" for more.

We should not give in to feelings without restraint, but we should not suppress them either. Rather, try to gain inner distance and detach yourself from them with thought and wisdom.

TĀPADUHKHAliterally means heat or burning. If the desire becomes greater and greater, but we encounter obstacles in the fulfilment of the desires, klesha(anger, quarrel) and dvesha(resentment, hatred) arise as a consequence. The ego is virtually "burning" with unfulfilled desire and in this state is, as it were, in a "hell".

SAMSKĀRADUHKHAare sorrowful impressions from painful experiences that remain in the subconscious. But even situations that we have experienced as beautiful and joyful can sometimes make us wistful and sad in memory, because they have passed irretrievably.

GUNA-VRITTI-VIRODHĀ-DUHKHAdenotes the alternation and conflict of feelings we experience due to gunas(qualities) acting against each other.

There are three gunas:

– sattva guna — purity, harmony

– rājasguna — activity, restlessness, aggression

– tamas guna — inertia, dullness

These three qualities exist in the body and in the psyche in different forms and strengths, depending on character, characteristics, habits, lifestyle and food. Since we are often not even aware of them and therefore cannot properly deal with these elementary forces, they often fall out of balance and work against each other. As a result, the feelings and thoughts get into an inner conflict and cause restlessness, dissatisfaction and insecurity in us.

Having explained these duhkhas, Patanjali now shows us a way to detach ourselves from them:

# संस्कृत नाटकों में विलक्षण रामकथा

**देवर्षि कलानाथ शास्त्री**

**(राष्ट्रपति सम्मानित), प्रधान सम्पादक** ''भारती''संस्कृत मासिक
**पीठाचार्य, भाषामीमांसा एवं शास्त्रशोध पीठ** - विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर
**पूर्व अध्यक्ष** - राजस्थान संस्कृत अकादमी
**आधुनिक संस्कृत पीठ** - जगद्गुरु रामानन्दाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय
**पूर्व निदेशक** - संस्कृत शिक्षा एवं भाषा विभाग, राजस्थान सरकार
**सदस्य** - संस्कृत आयोग, भारत सरकार

रामकथाश्रित संस्कृत नाटकों के लेखकों में अग्रगण्य हैं, भास, भवभूति दिङ्नाग, मुरारि, राजेशखर शक्तिभद्र, दामोदर, यशोवर्मा, जयदेव, सुभट, भास्कर, रामभद्र, मायुराज, क्षीरस्वामी, रामचन्द्र, हस्तिमल्ल, व्यासमिश्र महादेव आदि नाटककार जिन्होंने प्रमुखतः वाल्मीकि से कथासूत्र लिया था किन्तु कथा संयोजन में, चरित्र-चित्रण में एवं शैलीयोजना में अपनी प्रतिभा से इतनी नवीन उद्भावनाएं कीं कि २५-३० ये नाटक एक ही कथानक को लेकर लिखे गये नहीं लगते। और तो और इन नाटककारों ने चरित्रनायक राम के चरित्रचित्रण में इतना वैविध्य सँजोया है कि किसी ने उन्हें धीरोदात्त तो किसी ने धीरप्रशान्त, किसी ने धीरललित के रूप में चित्रित किया है।

संस्कृत के नाटकों में मंचापयुक्तता, कथावस्तु, देशकाल, शैली, वाच्य और नाट्यांगों का जितना महत्त्व है उतना ही महत्त्व नायकों का है। नाटक का नायक एक ऐसा व्यक्तित्व होना चाहिए जिसके चरित्र चित्रण के लिए नाटककार द्वारा एक पूरे नाटक लिखे जाने का वास्तव में कोई औचित्य हो। इसीलिए क्लासिकाल नाटकों में यह परंपरा प्रायः निभाई जाती रही है कि नायक का व्यक्तित्व महिमशाली तो होना ही चाहिये- उसमें अन्य गुण भी होने चाहिए जैसे शूरता, लालित्य, गंभीरता, और उदात्तता । नायकों के इस दृष्टि से जो चार भेद किये गये धीरोद्धत्त, धीरललित, धीरप्रशान्त और धीरोदात्त उनसे भी अधिक जैसे विविधता राम के चरित्र में मिल जाती है। इसका यह अर्थ नहीं है कि इन चार प्रकारों या टाइप्स में संस्कृत के सभी नाटकों के नायक फिट किये जा सकते हैं। प्रत्येक नायक का चरित्र इतना वैविध्यपूर्ण और सर्वांगीण बन पड़ा है कि उसे एक जीवन्त और पूर्ण चरित्र कहा जा सकता है किन्तु राम के चरित्र में तो और भी वैविध्य नाटककारों ने कह दिया है।

रामचन्द्र का चरित्र संस्कृत के अनेक नाटकों, महाकाव्यों आदि का प्रमुख वर्ण्य रहा है। रामकथा पर आधारित काव्यों और नाटकों की गिनती नहीं की जा सकती। महाकवि मुरारि ने तो कहा भी है **स्वसूक्तीनां पात्रं रघुतिलकमेकं कलयतां कवीनां को दोषः स तु गुणगणानामवगुणः** । इतने सारे कवियों ने रामकथा को ही अपना वर्ण्य चुना इसमें कवियों का दोष नहीं अपितु राम के चरित्र का ही दोष है जिसमें वे सभी तत्त्व विद्यमान हैं जिन्हें देखते ही कवियों को उन्हें अपना चरित्रनायक बनाने की इच्छा हो जाती है। वैसे जहां-जहां राम का चरित्र वर्णित है वहां उनके दो-चार गुण तो एकरूपता से सर्वत्र वर्णित हुए हैं- जैसे मर्यादा पालन, धीर-गंभीरता और सुशीलता। फिर भी यह उल्लेखनीय है कि प्रत्येक नाटककार ने उनके चरित्र के केवल यही पक्ष वर्णित किये हों या सभी नाटकों के राम का एक सा ही व्यक्तित्व लगता हो सो बात नहीं है। प्रमुख नाटककारों ने उनके चरित्र में ये सभी गुण बतलाते हुए भी उनके इस प्रकार विविध आयाम दिये हैं कि प्रत्येक नाटककार के वर्ण्य राम का एक अनूठा और निराला ही चित्र उभरता है।

भास संभवतः रामकथा के सबसे पुराने नाटकार हैं। उनके अभिषेक और प्रतिमा नामक नाटकों में रामकथा वर्णित है। यज्ञफल नाटक भी रामकथा पर ही है पर कुछ विद्वान् उसे भास का लिखा हुआ ही नहीं मानते। नाटककारों ने वाल्मीकि की रामायण की रामकथा का प्रमुख स्रोत अवश्य माना है, किंतु अपने दृष्टिकोण में सहायक अन्य अनेक उपकथाओं और घटनाओं की योजना भी स्थान-स्थान पर उन्होंने की है। भास ने भी ऐसा ही किया है। भास के राम एक विवेकी राजनीतिज्ञ के रूप में हमारे सामने आते हैं। आदर्श रक्षक, उदार और सत्यसंध होने के साथ-२ उनमें राजोचित दूरदर्शिता भास ने विशेषतः चित्रित की है।

प्रतिमा नाटक इस घटना से शुरु होता है कि राम का यौवराज्याभिषेक हो रहा है- उसी समय मन्थरा राजा दशरथ के कान में कुछ कहती है और दशरथ बीच में ही अभिषेक रोक देते हैं- और राम से थोड़ी देर आराम कर आने को कहते हैं। इसी बीच कैकयी राम का वनवास और भरत के लिये युवराज पद मांग लेती है। सारे राजमहल में हल्ला मच जाता है किन्तु राम उसे एक पूर्वनिश्चित घटना की तरह बहुत सहज भाव से लेते हैं। उनका पुराना परिचारक जब यह समाचार देने जाता है और कैकयी को भलाबुरा कहता है तो वे उसे समझाते हैं कि इस में कैकयी का कोई दोष नहीं है। महाराज दशरथ का जब कैकयी के साथ विवाह हुआ था तब कैकयी के पिता ने उनसे यही शर्त करवाई थी कि यदि कैकयी का पुत्र ज्येष्ठ पुत्र हुआ तो वह दशरथ के राज्य का उत्तराधिकारी होगा ही किन्तु यदि वह ज्येष्ठ न भी हुआ तो भी वही राज्य का अधिकारी होगा। इसके अनुसार कैकयी ने अपना हक ही मांगा है इसमें किसी का हक मारा नहीं है। दरअसल तो मेरा यौवराज्याभिषेक होने से भरत का हक मारा जा रहा था। वह अब बच गया है इसलिये मुझे प्रसन्नता है

**शुल्के विपणितं राज्यं पुत्रार्थे यदि याच्यते।**
**तस्या दोषोऽत्र नास्माकं भ्रातृराज्यापहारिणाम् ॥**

वास्तव में बात भी यही थी। वाल्मीकीय रामायण में यद्यपि यह सारा विवरण स्पष्ट किया नहीं मिलता पर वहां भी राम भरत को यह बात तब बताते हैं जब वे उन्हें लिवाने चित्रकूट पहुँचते हैं- **मातामहे समाश्रौषीद् राज्य-शुल्कमनुत्तमम्।** इससे स्पष्ट है कि वाल्मीकि को इस शर्त की जानकारी थी। भास तो इसी पर पूरा जोर देते हैं। दशरथ द्वारा की हुई इस शर्त की बात केवल राम को मालूम थी। स्वयं भरत को भी नहीं। इसीलिये ज्येष्ठ पुत्र के राज्यारोहण के सार्वभौम न्याय के विरुद्ध अपनी इस शर्त पर लज्जित और ज्येष्ठ पुत्र राम को ही युवराज बनाने की अपनी इच्छा के वशीभूत होकर राजा दशरथ ने कैकयी को बिना बताये और भरत की अनुपस्थिति में राम का अभिषेक करने की बात जब राम को बतलाई हो राम ने इसे अस्वीकार कर दिया। पिता के अत्यन्त आग्रह करने और प्राणों की शपथ दिलाने पर वे जैसे तैसे इस बात के लिये सहमत हुए थे- **अप्रतिगृह्यमाणेष्वनुनयेषु आपन्नजरा-दोषैः स्वैः प्राणैरस्मि शापितः।**

इस घटना को सुनते ही लक्ष्मण आग-बबूला हो जाते हैं और धनुषबाण उठाकर कैकयी की ओर जाने लगते हैं। राम जिस संजीदगी से उन्हें समझाते हैं वह उनकी विवेक दृष्टि की परिचायक है-

**ताते धनुर्नमय सव्यमवेक्षमाणे मुञ्चानि मातरि शरं स्वधनं हरन्त्याम् ?**
**दोषेषु बाह्यमनुजं भरतं हनानि, किं रोषणाय रुचिरं त्रिषु पातकेषु ?**

आखिर दोष किसका है जिसे मारा जाय- राजा दशरथ को क्या इस बात पर मार दिया जाय कि वे अपनी प्रतिज्ञा का पालन क्यों कर रहे हैं ? माता कैकयी को मार दिया जाए कि वे अपना हक क्यों मांग रही हैं ? और भरत को तो कुछ भी मालूम नहीं, उसे इसीलिये मार डालें ?

सीताहरण के प्रसंग में अपनी पत्नी के इस चाव को पूरा करने के लिये ही कि उसे सुनहला हिरन का चमड़ा चाहिये, राम का सुवर्णमृग के पीछे भाग खड़ा होना संभवतः भास के राम जैसे उदात्त चरित्र के लिये उचित नहीं लगा इसलिये उन्होंने वहां एक बड़ी सुन्दर योजना की है। पंचवटी में रावण ब्राह्मण बनकर आता है और राम को बतलाता है कि उनके पिता दशरथ का श्राद्ध है। यदि पितरों को अखण्ड स्वर्गलोक की प्राप्ति करानी हो तो कांचनपार्श्व नामक सुनहरे पहाड़ी हिरन के मांस से श्राद्ध करना चाहिये। ब्राह्मण के इस आदेश को सुनकर राम हिमालय पर्वत से कांचनपार्श्व मृग

मार लाने को तैयार हो जाते हैं। उसी समय मारीच स्वर्णमृग बनकर वहीं आ जाता है। रावण कहता है देखो ईश्वर की कृपा से यहीं सुनहला हिरन आ गया शीघ्र इसे मार लाओ। राम इस कार्य हेतु लक्ष्मण को भेजना चाहते हैं पर लक्ष्मण तपोवन के कुलपति के स्वागतार्थ गये होते हैं अतः राम को स्वयं जाना होता है और ब्राह्मण वेशधारी रावण सीताहरण कर लेता है। इस प्रकार सीता के चाव को पूरा करने के लिये नहीं बल्कि पिता के श्राद्ध की दृष्टि से राम सुवर्णमृग का पीछा करते हैं जिसमें गौरव और औचित्य भी, यह भास की दृष्टि मालूम होती है।

भवभूति संस्कृत के प्रौढ़ और अभिजात नाटककार हैं। उनके नाटकों में महावीरचरित और उत्तररामचरित रामकथा पर आधारित हैं। महावीरचरित में विश्वामित्र के यज्ञ से लेकर राम के रावण पर विजय प्राप्त कर राज्याभिषिक्त होने तक की कथा है तथा उत्तररामचरित में उसके बाद की अर्थात् सीता परित्याग से लेकर लवकुश के स्वीकार तक की।

इन दोनों नाटकों के नायक राम का व्यक्तित्व बिल्कुल निराला ही बन पड़ा है। महावीर चरित के राम वीर रस के आलंबन हैं तो उत्तररामचरित के राम करुण रस की जीती जागती मूर्ति हैं। उदात्त और धीरगंभीर होने के बावजूद उनका कारुण्य पत्थर को भी पिघला देता है।

महावीरचरित का शिल्प अधिक तकनीकी है। वहां नायक राम के उत्कर्ष से जलने वाला तथा उनके प्रत्येक कार्य में विघ्न डालने वाला प्रतिनायक रावण उसी प्रकार चित्रित किया गया है जिस प्रकार हिन्दी फिल्मों में हीरो के प्रत्येक कार्य में खलनायक साजिशें रचकर विघ्न डालता है और हीरो उन सबको आननफानन में बड़ी खूबी से उधेड़ देता है और अन्त में विजयी हो जाताहै। रावण शूर्पणखा को मन्थरा के वेष में भेजकर राम को वनवास दिलवाता है। रावण का कूटनीतिज्ञ मंत्री माल्यवान् सारे कुचक्र का संचालन करता है। इस नाटक में परशुराम का शिवधनुष तोड़ने पर क्रुद्ध होना तथा राम का उन पर विजय प्राप्त करना बड़े विस्तार से चित्रित है। शिवभक्त रावण धनुष के टूटने पर परशुराम को भड़काता है । वे तुरन्त मिथिला आ जाते हैं। क्रुद्ध परशुराम राम को मारने पर उतारू है और उनको दशरथ, वसिष्ठ, विश्वामित्र और शतानन्द पहले उन्हें समझाते हैं और उनके न मानने पर क्रुद्ध होकर स्वयं उनका मुकाबला कर उनका गर्व तोड़ने को तैयार हो जाते हैं क्योंकि उनमें से सभी को यह आशंका है कि किशोर राम के लिये जगद्विजयी परशुराम भारी ही पड़ेंगे। एक आत्मविश्वासी वीर की तरह राम के चहरे पर शिकन भी नहीं पड़ती। ये आराम से कंकणमोचन की वैवाहिक रीति को पूरा करने जनक के अन्तः पुर की ओर जाते हैं, वहां से लौटकर वे कहते हैं- आप गुरुजनों को परशुराम का मुकाबला करने की नौबत नहीं आयेगी। मैं ही इन्हें संभाल लेता हूँ- आप आराम करें। **अयमहं भोः**

**कौशिकान्तेवासी रामः प्रणम्य विज्ञापयामि।**

**पौलस्त्यविजयोद्दाम-कार्तवीर्यार्जुनद्विषम्।**
**जेतारं क्षत्रवीर्यस्य विजय नमोस्तु वः ।।**

और फिर जिस आसानी से राम परशुराम को काबू में कर लेते हैं। उस पर वसिष्ठ को आश्चर्य होता है। वे कहते हैं, राम की इस खूबी का वस्तुतः हमें पहले पता नहीं था-

**अस्माभिरप्यनाशास्यौ रामस्य माहिमान्वयः ।**
**यत्कृतास्तेन कृतिनो वयं च भुवनानि च ॥**

उत्तररामचरित में राम लोकमत का आदर करके सीता को वन में भेज तो देते हैं पर चिरसहचरी के वियोग से उनका प्रौढ़ हृदय उस भीगी हुई उम्र में बिलकुल बैठ जाता है। वे अन्दर ही अन्दर घुलते हैं।

**अनिर्भिन्नो गभीरत्वादन्तर्गूढघनव्यथः ।**
**पुटपाकप्रतीकाशो रामस्य करुणो रसः ॥**

पंचवटी को देखते ही उन्हें सीता के साथ बिताये एक-एक दिन की स्मृति हो जाती है और वे विह्वल हो जाते हैं। राजा के कर्तव्य और एक प्रेमी पति के दाम्पत्यस्नेह के बीच का द्वन्द्व राम को कचोटता रहता है। वे कहते हैं :-

**यथा तिरश्चीनमलातशल्यं प्रत्युप्तवन्तः सविषश्च दन्तः ।**
**तथा हि तीव्रो हृदि शोकशङ्कर्मर्माणि कृन्तन्नपि किं न सोढः ॥**

जैसे कोई विषैला कांटा गड़कर निकल जाता है और उसकी टीस सालती रहती है, उसी तरह बचपन से लेकर विपत्तियों तक में सदा साथ निभाने वाली सीता के वियोग की टीस हमेशा मुझें कचोटती रहती है ओर मुझे चुपचाप उसे सहना पड़ता है।

लोकमत के अनुरोध से राम यह सब सहते हैं और जब लव के द्वारा जृम्भोकास्त्र के प्रयोग को देखकर समस्त जनता को यह पूर्णतः विश्वास हो जाता है कि लव और कुश राम के ही सुपुत्र हैं और जब वाल्मीकि आदि मुनि और गंगा, पृथ्वी आदि देवियां सीता को पूर्णतः पवित्र घोषित करती हैं तब राम लोकमत के अनुरोध पर ही सीता को स्वीकारते हैं जब देवियां घोषित करती हैं:-

**जगन्मङ्गलमात्मानं कथं त्वमवमन्यसे ।**
**आवयोरपि यत् सङ्गत् पवित्रत्वं प्रकृष्यते॥**

लक्ष्मण कहते हैं- आर्य, श्रूयताम् । सुनिये सीता की पवित्रता घोषित की जा रही है तो राम कहते हैं- सुनिये सीता की पवित्रता घोषित की जा रही है- तो राम कहते है- लोकः शृणोतु । जनता ही सुनेगी। मैं तो यह स्वयं जानता हूँ। इस नाटक में प्रारंभ से लेकर अन्त तक करुणा का जो सागर लहराता है उसे देखकर ही कहा गया है-

**अपि ग्रावा रोदित्यपि दलति वज्रस्य हृदयम्।**

भवभूति ने राम में एक सच्चे स्नेही पति का ऐसा अनूठा चित्र खींच दिया है जिसकी मिसाल विश्व - साहित्य में मिलना कठिन है।

कैकयी का चरित्र रामकथा लेखकों के लिए एक चुनौती रही हैं। अधिकांश ने उसे दुष्टा, ईर्ष्यालु स्वभाव की स्वार्थिनी राजमाता चित्रित किया है। भास ने उसके चरित्र को नया ही रूप दिया है। शब्दवेधीबाण से मरते हुए श्रवण ने दशरथ को शाप दिया था कि वह पुत्र वियोग में मरेगा और उसे कोई निवापांजलि देने वाला भी नहीं रहेगा। इस शापका निराकरण तभी हो सकता था जब दशरथ की मृत्यु के समय कोई पुत्र अयोध्या में न हो अन्यथा पुत्रों का मरण पहले हो जाता। अतः पुत्रों के जीवन के लिए दशरथ स्वयं कैकयी से यह मांगने को कहते हैं कि चौदह दिन के लिए राम वनवास में जाएं। भरत और शत्रुघ्न बाहर होते हैं अतः तेरह दिन के लिए राम वनवास में जाएं। भरत और शत्रुघ्न बाहर होते हैं अतः तेरह दिन के और्ध्वदैहिक के बाद राम आदि सभी लौट आएँगे यह योजना थी पर हड़बड़ाहट में कैकयी के मुंह से चौदह दिन के स्थान पर चौदह वर्ष निकल जाता है। और सब कुछ उल्टा पुल्टा हो जाता है।

प्रतिमा नाटक में भास ने यह भी बताया है कि रावण विजय के बाद रामादि तो लंका से पुष्पक विमान में लौटते हैं पर पवनवेग शाली हनूमान को विमान की जरूरत नहीं होती अतः उन्हें पहले उड़ा दिया जाता है और वे भरत को राम के आने का संदेश दे देते हैं इस प्रकार नाटककारों ने अनेक नई योजनाएं की हैं जो उनकी कल्पना प्रवणता का प्रमाण है।

# मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम

**पं. महेश दत्त शर्मा**
मानस मर्मज्ञ एवं श्रीविद्या उपासक
जयपुर

गुर्वर्थे त्यक्तराज्यो व्यचरदनुवनं पद्मपद्भ्यां प्रियायाः पाणिस्पर्शाक्षमाभ्यां मृजितपथरुजो यो हरीन्द्रानुजाभ्याम् । वैरूप्याच्छूर्पणख्याः प्रियविरहरुषाऽऽरोपित भ्रूविजृम्भ- प्रस्ताधिर्बद्धसेतुः खलदवदहनः कोसलेन्द्रोऽवतान्नः ॥

(श्रीमद्भा० ९।१०।४)

(श्रीशुकदेवजी कहते हैं- 'राजन् !) जिन श्रीरामचन्द्रजी ने अपने पिता के प्रण को पूरा करने के निमित्त राज्य को त्याग दिया, जो इतने सुकुमार थे कि अपनी प्रिया जानकी के पाणिस्पर्श को भी सहन नहीं कर सकते थे, वे ही अति मृदुल चरणकमलों से पैदल ही वन-वन विचरते रहे। जिनके पथश्रम को हनुमान् जी तथा लक्ष्मणजी दूर करते थे। शूर्पणखा को विरूप करने के कारण प्रिया-हरण की विरह-व्यथा से कुपित तथा कुटिल भ्रुकुटियों से सागर भयभीत हो गया था, उस पर जो पुल बाँधकर दुष्ट-दलरूप वनके लिये दावानल हुए, वे कोसल-किशोर हमारी रक्षा करें।'

**रामनाम अति मधुर सुखद सबकू सुखकारी**
**राम-धाम अति विमल पुण्यप्रद सब अघहारी।**
**राम-रूप अति सुधर मनोहर सुख सरसावन**
**राम-प्रिया जगजननि जीव जग-जरनि जरावन ।।**

**राम अनुज आदरश अति, राम भक्त सुखसार है।**
**राम-चरित पावन परम, होवें सुनि भवपार हैं।।।**

हे राम ! तुम्हारा नाम कितना मोहक है, चाहे जैसे हो राम का नाम लिये बिना कोई रह ही नहीं सकता। जिनको आपके नाम लेने का रस मिल जाता है वे एक दिन अन्न-जल के बिना तो रह भी सकते हैं, किंतु तुम्हारा नाम लिये बिना रह नहीं सकते। और चाहे जीवनोपयोगी वस्तुओ से मन हट भी जाय, किंतु तुम्हारे नाम से नाम-व्यसनियों का चित

कभी नहीं हटता। वे चाहते हैं कि जब तक जीवे, तब तक तुम्हारे नामामृत का निरन्तर पान करते रहें। प्राण जिस समय निकलने लगे, तब हमारे मुख में एकमात्र तुम्हारा ही नाम हो। तुम्हारे नाम में इतनी मोहकता, मादकता क्यों है ? क्यों इतना प्रिय है ? इसे हम नामविमुख अज्ञ प्राणी क्या जानें ?

जैसे तुम्हारे 'राम' इन दो सरल-सीधे अक्षरों में अत्यधिक आकर्षण है, वैसे ही तुम्हारे चारु-चरितों में आवश्यकता से अधिक आकर्षण है। जो भी कवि कविता करने चला है, उसने आपके ही चरितों के गान में अपनी कविता की सार्थकता समझी है। आपके चरितों के गान में कविता के गुण न भी हों, वे पद्य असम्बद्ध भी हों तो भी मनीषियों ने उनकी प्रशंसा की है। जिनको आपके चरित्रों के सुनने का व्यसन पड़ गया है उनके कर्णकुहर कभी सुनते-सुनते भरते नहीं। जिन्हें आपके गुणगान का रोग हो गया है, उनकी वाणी आपके गुण गाते-गाते कभी थकती नहीं। जिनकी लेखनी को आपके चरित लिखने का व्यसन पड़ गया है, उनकी लेखनी लिखते-लिखते कभी घिसती नहीं। न जाने इन चरित्रों में कैसा अमृत भरा है, कि बारंबार सुनने पर भी ये नित्य नये-से ही लगते हैं।

भक्तों की बात तो पृथक् है। भक्त तो इस लोक के जीव होते नहीं। वे तो अनुगृह्य-सृष्टि के जीव हैं, किंतु जो संसारी मनुष्य हैं, उनको भी आपका चरित्र आदर्श लगता है और वे आपको मनुष्य मानकर ही आपकी लीलाओं के विषय में ऊहापोह करते रहते है। राम का रहन-सहन, राम का उठना-बैठना, राम का आचार- विचार, राम का मिलना-जुलना, राम का हँसना-बोलना, राम का चलना-फिरना, राम का खेलना-कूदना, राम का पढ़ना-लिखना, राम का विवाह-वनगमन, मैत्री, युद्ध, राज्य-संचालन यहाँ तक कि क्रोध आदि सभी आदर्श हैं। उनमें न्यूनता नहीं, त्रुटि नहीं, परिपूर्ण के समस्त कार्य परिपूर्ण ही होते हैं।

हम रामके जीवन पर विहंगम दृष्टि डालते हैं तो हमें उसमें कहीं भी अपूर्णता दृष्टिगोचर नहीं होती। जिस समय जैसा कार्य करना चाहिये, राम ने उस समय वैसा ही कार्य किया। राम रीति, नीति, प्रीति तथा भीति सभी जानते हैं। राम परिपूर्ण हैं, आदर्श है। राम ने नियम का, त्याग का एक आदर्श स्थापित किया। राम ने ईश्वर होकर मानवरूप रखकर मानवजाति को मानवता का पाठ पढ़ाया। मानवता का उत्कृष्ट आदर्श उपस्थित किया। मायातीत महेश होकर उन्होंने माया का आश्रय लेकर मानव लीलाएँ कीं। क्यों की ?

धर्मसंस्थापन के निमित्त । धर्म क्या ? जिसके अधीन होकर प्राणी अपने कर्तव्य को कुशलतापूर्वक, उत्तमतापूर्वक पालन कर सके, अपनी असीमित विषयवासनाओं को सीमित करके निर्विषय बन सके। धर्म साध्य नहीं है, साधन है। भगवान् का अवतार साधन सिखाने के निमित होता है, क्योंकि मनुष्य साधक है।

कर्ममात्र दोषमय, अपूर्ण और बन्धन के हेतु है। इसलिये नैष्कर्म्य-स्थिति को सर्वश्रेष्ठ कहा है। नैष्कर्म्य स्थिति कर्म करके ही प्राप्त की जा सकती है, अतः धर्मपूर्वक कर्म करना ही उत्तम साधन है। इन्द्रियों के अनुकूल विषयों के भोगने में स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इन्द्रियाँ इतनी अतृप्त हैं, इतनी भूखी हैं कि विषयों को भोगते-भोगते ये तृप्त ही नहीं होतीं, उनको नियम में रखना यही धर्म का कार्य है। धर्म यही शिक्षा देता है। इसका उद्देश्य भोग में प्रवृत्त कराना नहीं है, परंतु प्रधान लक्ष्य है त्याग। एकमात्र त्याग से ही अमृतत्व की प्राप्ति हो सकती है। भगवती श्रुति कहती है- **'तेन त्यक्तेन भुञ्जीथाः'** भोग करो, त्याग-भावसे करो- **'मा गृधः कस्य स्विद् धनम्'**- किसी दूसरे के धन पर मन मत चलाओ। अधर्मपूर्वक जो दूसरे के उपभोग की वस्तु है, उसका उपभोग करने का विचार मत करो। त्याग ही प्रधान उद्देश्य है। त्याग द्वारा ही तुम परम-पद को प्राप्त कर सकोगे। अपने मुख्य उद्देश्य की पूर्ति कर सकोगे। राम ने अपने जीवन में एकमात्र त्याग को ही प्रधानता दी है, त्याग से ही उन्होंने सबके मन पर अपना अधिकार जमा लिया है। त्याग की मर्यादा स्थापित करके वे मर्यादापुरुषोत्तम के नाम से विख्यात हुए हैं। उनका जीवन सार्वजनिक होने से सबके उपयोगी है, क्योंकि उसमें नियम की दृढ़ता और त्यागकी प्रबलता है, कृष्णावतार में प्रेम की प्रबलता और त्याग की दृढ़ता है। यही दोनों अवतारों में अन्तर है। इसलिये कृष्णोपासना वैयक्तिक है और रामोपासना सार्वजनिक। राम का जीवन अनुकरणीय और शिक्षाप्रद है, आदर्श है, श्रीकृष्ण का चरित्र अनुकरणीय नहीं है, वह श्रवणीय है, पठनीय है, उससे अभिप्राय काला जाता है कि जगत् में प्रेम ही सार है प्रेम करो, प्रेम करो।

राम का जीवन नियम-प्रधान है, कृष्ण का जीवन प्रेम-प्रधान है। नियम और प्रेम-ये दोनों ही त्याग के बिना व्यर्थ है। अतः दोनों के जीवन में त्याग ओतप्रोत है। त्याग के बिना जीवन नहीं। वह तो बन्धन है, मोह है। कृष्ण की लीलाएँ प्रेम-प्रधान होने से वैयक्तिक है। राम की लीलाएँ, आदर्श, मर्यादापूर्ण होने से सार्वजनिक हैं। शिक्षाप्रद है। प्रेम के बिना तो वे हो ही नहीं सकतीं। किंतु उनमें संयत प्रेम है। नियमपूर्वक प्रेम है और श्रीकृष्ण तो **'इभराडिव भिन्नसेतुः'** है। जैसे गजराज नदी के तटों को छिन्न-भिन्न कर देता है, उसी प्रकार श्रीकृष्ण लीला में प्रेम के सम्मुख सबको तुच्छ माना है, इसलिये यह मार्ग अत्यन्त कठिन है। पग-पग पर पतन की सम्भावना है। रामचरित्र राजपथ है, आँख मूँदकर चले जाओ। गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाओगे। राम ने मानवधर्म को प्रकाशित करके अवतार धारण किया। भक्तों को मर्यादा का पाठ पढ़ाने के लिये ही अपने चार चरित्रों का सुन्दर सेतु बना दिया, जिससे सुगमता- पूर्वक प्राणी भवसागर को पार कर सकें।

राम का जीवन त्यागमय जीवन है, राम सबका आदर करते हैं, इसीलिये वे बड़े है। जो संग्रही है, अपनी ही प्रतिष्ठा चाहता है, अपनी ही बात रखना चाहता है, वह कृपण है। राम जो करते हैं, दूसरों के लिये करते हैं, मेरे कारण किसी को क्लेश न हो इसका वे सदा ध्यान रखते हैं। रामके दो रूप है, परब्रह्म-रूप और पुरुषोत्तम- रूप। परब्रह्म-रूप तो

मन-वाणी से अगोचर है, उसके विषय में तो वेदोंने भी 'नेति-नेति' कहा है। उसका अनुभव तो योगिजन समाधि में करते हैं, वह विचार का विषय नहीं, उस विषय में तर्क- वितर्क से काम चलने का नहीं, वह तो अनुभवगम्य है।

विचारणीय विषय तो उनका पुरुषोत्तम-रूप है। नर-रूप धारण करके जो उन्होंने मानवीय लीलाएँ की हैं, उन्होंने जो एक मनुष्य-चरित्र का सर्वोत्तम आदर्श उपस्थित किया है, उसके विषय में मानवता के नाते हम विचार कर सकते हैं। राम अपने सब भाइयों में बड़े थे, अतः छोटे के साथ कैसा बर्ताव करना चाहिये, इसका आदर्श उन्होंने बाल्यकाल से ही उपस्थित किया। भरत जी जब खेल में हारने लगते, तब आप ढीले पड़ जाते, भरत को जिता देते और स्वयं प्रसन्न होते।

राजा ने राम को युवराज बनाना चाहा। गुरु ने आज्ञा दी। राम पिता तथा गुरु की आज्ञा का उल्लंघन कैसे करते ? वे राज्याभिषेक- के लिये प्रस्तुत हो गये। नगर सजाया गया। उन्हें दुःख था, उनके भाई भरत, शत्रुघ्न इस समय उपस्थित न थे, कारण जो भी रहा हो, लग्न उसी दिन को निकली थी। राज्याभिषेक होते-होते रुक गया। कुबरी की प्रेरणा से कैकेयी ने राजा को मोहकर राम का वनवास और भरत का राज्याभिषेक-ये दो वर माँग लिये। धर्मपाश में बंधे दुःखी राजा ने ये वर दे दिये। राम को सूचना हुई। राम उसी उत्साह से लक्ष्मण और सीता सहित वन चले गये। राजाने बहुत रोका, राम नहीं रुके, राजा सुरपुर पधार गये, भरत ने राज्य नहीं ग्रहण किया। राम को लौटाने चित्रकूट गये। राम लौटे नहीं भरत उनकी चरण- पादुका लेकर लौट आये। इस विषय में लोग ये तर्क करते हैं-

१- राम ने वन जाकर बुद्धिमानी का काम नहीं किया।

२- राजा स्त्री के वश में थे, ऐसे स्त्रैण पिता की अनुचित आज्ञा नहीं माननी चाहिये।

३- राम क्षत्रिय थे, उनका मुख्य धर्म प्रजापालन था, वन में बास करना मुनियों का धर्म था, राम को प्रजापालन-रूप स्वधर्म का पालन करना चाहिये था।

४- जब घर पर भरत-शत्रुघ्न नहीं थे, लक्ष्मण भी साथ जा रहे थे, बूढ़े पिता स्त्री के वशमें होकर रो रहे थे, मरणासन्न हो रहे थे, ऐसी दशा में राम को विलखती प्रजा को छोड़कर, बूढ़े पिता को तड़पते छोड़कर, रोती हुई दुखिया माता को छोड़कर वन नहीं जाना चाहिये था। भरत की प्रतीक्षा करते। भरत यदि राज्य स्वीकार करते तो राम बन जा सकते थे। जब सम्पूर्ण प्रजा नहीं चाहती, राजा नहीं चाहते, पुरोहित नहीं चाहते, भाई भरत नहीं चाहते ऐसी दशा में एक विकृत मस्तिष्क को स्त्री के कहने से वे वन को क्यों चले गये ?

५- और भरत की प्रतीक्षा न भी करते, तो कम-से-कम पिता के इस अनुरोध को तो वे स्वीकार कर ही लेते कि एक दिन उनके साथ रहकर साथ-साथ भोजन करके दूसरे दिन चले जाते।

६- सामने ऐसी निष्ठुरता दिखायी कि माता, पिता, पुरोहित, मन्त्री, प्रजा, वृद्ध, विप्रगण तथा किसी भी स्वजनके अनुरोध को उन्होंने स्वीकार न किया और निष्ठुरता के साथ वन चले गये। राजा मर गये, किंतु वे लौटे नहीं।

इस प्रकार की और भी अनेकों शंकाएँ की जाती हैं। इन सबका एक ही उत्तर है- विरोध विरोध से बढ़ता है। अधिकार के लिये लड़नेपर कलह होता है। एकमात्र त्याग से ही सबके मन को जीता जा सकता है। छोटे लोगों का काम है लालच करना। बड़े लोगों का काम है लालची की उपेक्षा करना। उनके प्रति प्रेमभाव प्रदर्शित करना, उनके लिये अपने अधिकार को त्याग देना। माता-पिता बच्चों को थाली में साथ बिठाकर खिलाते हैं। बच्चो का स्वभाव होता है, थाली में जो भी अच्छी वस्तु देखेंगे उसे शीघ्रता से पहले खा जायेंगे। माता-पिता उनकी इस चातुरी को देखकर हँस पड़ेगे। वे उनसे लड़ेंगे नहीं, अधिकार नहीं जतायेंगे कि मिठाई में आधा भाग हमारा भी है, तुम इन सबको क्यों खाये जा रहे हो ? इसी प्रकार छोटे यदि लालच भी करें तो बड़ों को त्याग-वृत्ति से ही उनपर विजय प्राप्त करनी चाहिये। लड़कर उन्हें परास्त करके जो प्राप्त होता है वह उत्तम मार्ग नहीं है।

१- श्रीराम ने वन जाकर अत्यन्त बुद्धिमानी की। उनका चरित्र उसी कारण परम पावन और त्रिभुवनमें गान करने योग्य बन गया।

२- राजा स्त्री के वश में थे, इसे राम भी जानते थे, किंतु राजा विवश थे धर्म के कारण। कैकेयी ने उनसे शपथ करा ली थी। राजा को कैकेयी के प्रति तनिक भी ममत्व न था, वह मरे या जीवे। उन्हें चिन्ता थी अपने प्रण की। मेरे कुल में आजतक कोई ऐसा नहीं हुआ, जिसने प्रतिज्ञा करके उसे पूरा न किया हो। इसीलिये राम पिता के वचन को पूरा करने वन गये थे, न कि कैकेयी को प्रसन्त्र करने के निमित्त। वन जाने से कैकेयी की प्रसन्नता स्वाभाविक थी, यही उसको अभीष्ट था।

३- राम ने कोई गृहस्थ-धर्म का त्याग नहीं किया, विधिवत् वानप्रस्थ ग्रहण नहीं किया। वन में चौदह वर्ष मुनि-वेष बनाकर रहना ही था, इसलिये उनका वनवास नैमित्तिक था। वहाँ उनका जो स्वधर्म था, उनका उन्होंने पालन किया।

४- राम को विश्वास था, हमारी प्रजा हमसे संतुष्ट है। भय उस राजा को होता है, जिसकी प्रजा मन-ही-मन राजा से असंतुष्ट हो। राम जानते थे कोई भी न रहे, तो भी हमारी प्रजा हमारे विरुद्ध कोई भी षड्यन्त्र नहीं रच सकती। राज्यभार को तो हमारे पुरोहित ही सँभाल लेंगे। मैं लोभवश यहाँ रहता हूँ, तो मेरी कैकेयी माँ तो मर ही जायगी। मेरे पिता भी झूठे पड़ेंगे। प्रजा के मन में भी यह बात आयेगी। राजा शपथ करके वचन हारकर भी उसे पूरा न करा सके। सम्भव है हमारे साथ भी ऐसा ही व्यवहार करेंगे।

५- पिता के एक दिन रहनेके आग्रह को राम स्वीकार करते तो उनकी उतनी प्रशंसा न होती जितनी अब हो रही है। वन तो उन्हें जाना ही था। एक दिन रह भी जाते, तो इससे राग-द्वेष और अधिक बढ़ जाता, दो पक्ष के होने पर उचित-अनुचित बातें होतीं। क्रुद्ध हुई कैकेयी न जाने क्या कर डालती ? उसने स्पष्ट कह दिया था, श्रीराम जब तक पुरसे बाहर न होंगे तब तक मैं जल भी न पीऊँगी। पिता तो मोहवश कह रहे थे। एक दिन रह भी जाते तो क्या हो जाता। वन तो जाना ही था, आज न गये कल गये। फिर कैकेयी के संदेह को बढ़ाने से क्या लाभ ? इसलिये तुरंत वन जाकर राम ने कलह को शान्त करने का एक सर्वोत्तम आदर्श उपस्थित किया।

६- लक्ष्मण ने उन्हें अधिकार का स्मरण दिलाया, राजा को बंद कर देने की बात बतायी, अपनी सेवाएँ रामको अर्पण करने को कहा। रामसे राज्यसिंहासन पर बलपूर्वक बैठ जाने को कहा। दूसरा कोई होता तो इतनी सुविधा पाकर अपना अधिकार समझ कर धर्म के नाम पर विचलित हो जाता। किंतु राम तो राम ही ठहरे। लक्ष्मण को इस प्रकार समझाया कि आगे उनका कुछ कहने का साहस ही न पड़ा। राम राज्य के भूखे नहीं थे, राम कलह नहीं चाहते थे, उन्हें तो प्रेमपूर्वक आत्मीयों के ऊपर विजय पानी थी, त्याग और तपस्या द्वारा कुल के गौरव की रक्षा करनी थी। यदि राम राज्य के अधिकार में फँस जाते तो उनका चरित्र कैसे बढ़ता, कैसे लोग उस पावन चरित्रों को पढ़-पढ़कर पार होते।

रामचरित में जो मुख्य प्रसंग है वह राज्य को त्यागकर वन जाने का ही है। अर्थात् त्याग ही आदर्श है। पंद्रह वर्ष तक विवाह-चरित्र है, १४ वर्ष तक वनका चरित्र है, २९ वर्षों का ही वर्णन है। इसके पश्चात् उन्होंने ग्यारह सहस्त्र वर्ष राज्य किया, उसका कुछ वर्णन नहीं। इसमें वर्णन वाली कोई बात नहीं। राम राजा थे, राजा के कर्तव्य का उन्होंने उत्तमता से पालन किया। संध्या करना द्विजमात्र का धर्म है, कर्तव्य है, इसके करने से कोई विशेष पुण्य नहीं। हाँ, न करने से पाप अवश्य लगता है। संध्या-वन्दन के अतिरिक्त जो विशेष दान, धर्म, तप आदि किये जाते हैं उनसे यश होता है, प्रशंसा होती है। रामने राजकुमार होकर राज्य का अधिकार मिलते-मिलते प्रसत्रता पूर्वक उसे त्याग दिया और सर्वस्व त्यागकर क्षणभर में वनवासी वन गये। यही उनका महान् आदर्श था। त्यागी-वैरागी राम के उसी रूप के उपासक है। वे जटा बढ़ाकर भस्म रमाकर राम के उसी रूप को बनाते हैं और वनवासी राम का ध्यान करते हैं। वनवास का भी रामने कितना उत्कृष्ट आदर्श उपस्थित किया।

तेरह वर्षों तक वे वनों में विचरते रहे। कहीं कुटी और मठ बनाकर नहीं रहे। त्यागी जहाँ कुटी-मठ बनाकर रहने लगता है वहाँ राग द्वेष हो ही जाता है, फिर उसके जीवन में स्फूर्ति नहीं रहती। नियमितता आ जाती है, सहयोगियों के गुण-दोष दिखने लगते हैं। इसीलिये कहावत है- **'पानी बहता भला, साधू रमता भला।'** अन्तिम चौदहवें वर्ष मे पञ्चवटीमें कुटी बनाकर आश्रम निर्माण करके रहने लगे, वहीं उपद्रव खड़ा हो गया। भाग्य की मारी शूर्पणखा आयी।

वह आते ही राम के रूप पर मोहित हो गयी। दोष तो इसमें रामका ही था, यदि वें इतने सुन्दर न होते, तो नरमांस- भक्षिणी राक्षसी विमोहित क्यों हो जाती। किंतु राम करे क्या ? वे माया तो कर नहीं सकते, कि भीतर कुछ और बाहर कुछ और, वे जैसे थे वैसे बने रहे। राक्षसी ने माया की। वह भीतर से कुरूपा थी, ऊपर से सुरूपा बन गयी। किंतु राम ठहरे अत्यन्त भोले-भाले। राम में बनावट नहीं, दुराव नहीं, छिपाव नहीं। **'रामो द्विर्नाभिभाषते'** राम बात को पलटना नहीं चाहते। इसीलिये वे जैसे-के-तैसे बने रहे। फिर सीधे-साधे राम ने राक्षसी से हँसी क्यों की ? उसके नाक-कान फाटकर उसे कुरूपा क्यों बनाया? क्या राम ने यह अन्याय नहीं किया

देखिये ऊपर से देखने में यह अन्याय-सा भले ही दीखे, पर राम ने कोई अन्याय नहीं किया। शूर्पणखा को दण्ड देकर एक सर्वोत्कृष्ट आदर्श उपस्थित किया। राम नहीं चाहते थे कि उसे दण्ड दिया जाय, किंतु वे विवश थे, अन्य कोई उपाय न देखकर उन्होंने ऐसा किया। साम, दाम और भेद से काम न चले तो विवश होकर दण्ड का आश्रय लेना ही पड़ता है। जिनके मन में कामवासना ने घर कर लिया है, वहाँ राम अपने रामरूप से रह नहीं सकते। **'जहाँ काम तहँ राम नहिं।'**

राक्षसी राम के त्रिभुवन-विमोहित अनूप-रूप को देखकर आसक्त हो गयी और राम से उसने कहा- 'मेरे साथ तुम विवाह कर लो।

राम ने शान्ति से कहा - 'देवीजी ! मेरे पास तो बहू है। मैं दो विवाह नहीं करता।'

वह बोली- 'इसे मैं खाये जाती हूँ।'

राम ने साम से काम न होते देखकर दाम का आश्रय लिया। कह दिया- 'अच्छा मैं अपने भाई को कह देता हूँ, उसे दुलहा बना लो।' लक्ष्मण ने उसे नहीं स्वीकारा। सेवा-धर्म के विरुद्ध था। सेवा-धर्म में शारीरिक सुख को कोई स्थान नहीं। दाम से भी काम न चला तो राम ने भेद डाला। कह दिया- 'लक्ष्मण ऊपर से ही कहता है, तुम उसकी अनुनय-विनय करो।' राक्षसी फिर लक्ष्मण के समीप गयी। यथार्थ बात यह थी कि राम समय को टाल रहे थे, काम का वेग, ज्वर का वेग तथा वैराग्य का वेग सदा एक-सा नहीं रहता। राम समय टाल रहे थे, राक्षसी का रंग गाढ़ा होता जाता था। **'कामात्क्रोधोऽभिजायते।'** कामवासना की इच्छानुसार पूर्ति नहीं होती, तो क्रोध आ ही जाता है। राक्षसी ने देखा राम काम के वशीभूत नहीं होते। ये निर्विकार बने हुए हैं। तब उसे क्रोध आ गया। जब दोनों ही ओर से विकार हो तभी सम्बन्ध होता है। राम निर्विकार, राक्षसी काम के अधीन, सम्बन्ध न हो सका। वह सीताजी को खाने दौड़ी। अब हम पूछते हैं नाक, कान काटने के अतिरिक्त दूसरा कौन-सा साधन था। अब तो वह आततायिनी बन गयी थी। आग लगाने

वाला, विष देने वाला, अन्यायपूर्वक हाथ मे अस्त्र लेकर मारने वाला, धनहारी, क्षेत्रहारी तथा पल्लोहारी - इन छःको आततायी बताया है। इनके वध मे कोई दोष नहीं है। औरो को तो क्षमा भी किया जा सकता है, किंतु जो हत्या करने को सिर पर चढ़ा है, अन्याय कर रहा है, उसे दण्ड देने के अतिरिक्त और क्या उपाय है। वह सीताजी पर झपट रही थी, सीताजी डर रही थी। वह प्रहारकारिणी भी थी और पत्नीहारिणी भी थी, कामिनी और धर्महारिणी भी थी। ऐसी स्त्री को मार डालने में भी कोई दोष नहीं, किंतु राम ने उसे मारा नहीं, विरूप करके विदा किया। राम के इस व्यवहार में सर्वोत्कृष्ट सदाचार, पतिकर्तव्य, जितेन्द्रियता, निर्भयता तथा पूर्ण पवित्रता का समावेश है।

अब प्रश्न यह उठता है, राम ने उस स्त्री से हँसी की ही क्यों ? इसका उत्तर तो हम पहले ही दे चुके हैं। राम उसे इधर-उधर करके समय टाल रहे थे। थोड़ी देर को मान लो कुछ शिष्ट विनोद कर भी दिया, तो राम में कुछ तो मानव-स्वभाव की झलक रहने ही दो। सहसा कोई स्त्री आकर ऐसा सरस प्रस्ताव करती है, तो उससे रूखापन किया भी नहीं जाता। देखते ही उसे डाँट दे, लाठी मार दे, यह मानवता नहीं, सदाचार नहीं। मनुष्य नीरस प्राणी नहीं, सरस है। उस सरसता को स्त्री बढ़ाती है। किंतु सरसता धर्मविरुद्ध न हो।

इस प्रकार राम के चरित्र में हम पग-पगपर मर्यादा देखते हैं। राम मानवधर्मक प्रतीक है, राम त्यागकी मूर्ति हैं, राम प्रेम की सजीव प्रतिमा हैं। राम लोकव्यवहार के उपदेष्टा हैं, राम मर्यादा के रक्षक हैं, राम सदाचार के शिक्षक है, राम का चरित्र इतना विशुद्ध है कि उनमें त्रुटि शंका की सम्भावना ही नहीं। अन्त में पाठकों से यही प्रार्थना है कि वे राम के सरल नाम का जप करें, राम के सुमधुर नामों का कीर्तन करें, राम के अनुपम रूप का ध्यान करें, राम को सुन्दर शिक्षाओं को धारण करें, राम की सुमधुर कथा का नियमपूर्वक श्रवण करें। राम के अनुपम आदर्श को आगे रखकर व्यवहार करें और राम की भक्ति में अपने को निमग्न कर दें। राम के सच्चे भक्तो का आश्रय ले। उपासना के लिये राम-सा सरल-सीधा, स्वामी कहाँ मिलेगा ?

**राम ! हृदय मह बसो काम कूँ तुरत भगाओ।**
**राम । मलिन मारीच बन्यो मन मारि गिराओ ।**
**राम ! सिन्धु भव बहत सेतु करि पार लगाओ।**
**राम ! निहारे राह आइ तन तपन बुझाओ ।।**
**राम ! न साधन भजन मन, बने परे पाषान हम।**
**राम ! छुआओ चरन निज, हो जड़ चेतन करन तुम ।।**

# अवधपुरी अति रूचिर बनाई

**महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञानेश्वरपुरी**
उपाध्यक्ष
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान, जयपुर

**पुण्य नगरी अयोध्या**

पूर्वोत्तर सरयू नदी के दाहिने अर्थात् दक्षिण किनारे पर अयोध्या एक प्रसिद्ध तीर्थ और सप्त पुरियों में से एक पुरी है।

**अयोध्या-मथुरामायाकाशीकांचीअवन्तिका।**

**पुरी द्वारावतीचैवसप्तैतेमोक्षदायिकाः ।।**

अयोध्या प्राचीन समय में सूर्यवंशी राजाओं की राजधानी थी। राजा दशरथ के समय, जिनके पुत्र रामचंद्र हुए थे, कौशल- राज की राजधानी अयोध्या नगरी का विस्तार 12 योजन अर्थात् 48 कोस था। रामचंद्र जी के पश्चात कौशलराज्य के दो भाग हो गए। उनके बड़े पुत्र कुश ने कुशावती और छोटे पुत्र लव ने श्रावस्ती को (जो गोंडा जिले में अब सेहत महत नाम से प्रसिद्ध हैं) अपनी राजधानी बनाई। उसके बाद कुश कुशावती को ब्राह्मणों को देकर फिर अयोध्या में आए। सूर्यवंशी राजा सुमित्र के बाद अयोध्या बीरान हो गयी और राजवंश छितरा गए। सुमित्र के मरने पर बौद्ध राजा हुए, जिनसे उज्जैन के राजा विक्रमादित्य ने अयोध्या को छीन लिया। उन्होंने पुराने शहर के पवित्र स्थानों का पता लगाया।

विक्रमादित्य के पश्चात अयोध्या और कौशलराज्य क्रम से समुद्रपाल, श्रीवास्तभ और कन्नौज राजवंश के आधीन रहा। चीन - के रहने वाले हुएत्संग ने 7वीं शताब्दी में अयोध्या में ब्राह्मणों की बड़ी आबादी, २० बौद्धमंदिर और ३००० फकीरों को देखा था।

बाबर ने जन्मस्थान के राममंदिर को तोड़ कर सन् 1528 में उस स्थान पर मस्जिद बनवा ली।

अकबर के समय हिंदू लोगों ने नागेश्वरनाथ, चंदहरि, आदि देवताओं के दश पांच मंदिर बना लिये थे, जिनको औरंगजेब ने तोड़ डाला। अवध के नवाव सफदरजंग के समय दीवान नवलराय ने नागेश्वरनाथ का मंदिर बनवाया। दिल्ली की बादशाहत के घटते काल के समय अयोध्या में मंदिर बनने लगे। साधुओं के अनेक अखाड़े आ गये। नवाव वाजिदअली शाह के राज्य के समय अयोध्या में ३० मंदिर बन गए थे। अब छोटे बड़े सैकड़ों मंदिर बन गये हैं।अयोध्या में सन् 1881 की मनुष्य-गणना के समय 2545 मकान (जिनमें 864पक्के) और 11643 मनुष्य थे; अर्थात् 9499 हिन्दू, 2141 मुसलमान और 3 दूसरे। 96 देवमन्दिर, जिनमें से 63 वैष्णव-मन्दिर और 33 शैव-मन्दिर, और 36 मस्जिदें थी।

लक्ष्मणघाट से थोड़ी दूर 90 फीट ऊंचे टीले पर जैनों के आदिनाथ का मन्दिर है। कनकभवन, राजा दर्शन-सिंह का शिवमन्दिर और हनुमानगढ़ी यहाँ के मन्दिरों में उत्तम हैं। अयोध्या में वैरागी बैष्णवों के बहुत मठ हैं, जिनमें रघुनाथदास जी, मनोराम बाबा और माधोदास के मठ प्रधान हैं। रघुनाथदास की गद्दी पर पूजा चढ़ती है। मनीराम बावा के यहां सदावर्त जारी रहता था, और साधुओं को भीड़ रहती थी।

अयोध्या का प्रधान मेला चैत्र रामनवमी को होता है, जिसमें लगभग लाखो की संख्या मे यात्री आते हैं। यात्रीगण सरयू के स्वर्गद्वार घाट पर रामनवमी के दिन स्नान दान करते हैं। सरयू नदी की प्रधानता और इनका माहात्म्य सब स्थानों से अयोध्या में अधिक है। यह नदी हिमालय पर्वत से निकल कर लगभग 600 मील बहने के उपरांत छपरे से 14 मील पूर्व गङ्गा में मिली है। सरयू और कौरियाला नदियों का संगम अयोध्या से पश्चिम बहराइच जिले में है। संगम से पूर्व उस नदी को कोई घाघरा और कोई सरयू कहते हैं। बहर मघाट के निकट चौका नदी सरयू में दाहिने से आ मिली है।अयोध्या में श्रावण शुक्ल 11 से पूर्णिमा तक मन्दिरों में झूलनोत्सव होता है। उस समय के हिण्डोले देवमूर्तियों के श्रृंगार फवारे आदि मनोहर सामग्री देखने और देवदर्शन करने के लिये हजारों यात्रीगण आते हैं। अयोध्या के देवमन्दिर और दर्शनीय स्थान

(१) **स्वर्गद्वार घाट** – यह घाट रामघाट से पश्चिम अयोध्या में स्नान का मुख्य स्थान है। सीढ़ियां पत्थर की बनी हैं। स्वर्गद्वारघाट और इसके पूर्व और पश्चिम घाटों को राजा दर्शनसिंह ने पत्थर से बनवाया था। घाट से ऊपर कई और देवमन्दिर हैं।

(२) **नागेश्वरनाथ का मन्दिर-** स्वर्गद्वारघाट से ऊपर सुंदर शिखरदार मन्दिर में अयोध्या के शिवलिङ्गो में

नागेश्वरनाथ शिवलिंङ्ग हैं। नागेश्वरनाथ के मन्दिर को मुसलमानों ने कई बार तोड़ दिया और हिंदुओं ने बनवाया। वर्त्तमान मन्दिर को नवाब सफदरजंग के दीवान नवलराय ने बनवाया। रामघाट से अयोध्या के राजा को महल तक सड़क के दोनों ओर भी मन्दिर हैं, जिनमें वाएं

(३) सुरसरि की रानी का मन्दिर

(४) भीगा के राजा का मन्दिर और

(५) बेतिया के राजा का मन्दिर और दहिने

(६) टेकारी के राजा का मन्दिर

(७) रूसो के बाबू का मन्दिर, और

(८) नरहन की *रानी का मन्दिर है।

अयोध्या के महाराज के महल के पास एक सुन्दर वाटिका में अयोध्या के उत्तम मन्दिरों में से एक सुन्दर शिखरदार पंच मन्दिर है, जिसको अयोध्या के राजा दर्शनसिंह ने बनवाया था। मध्य के मन्दिर में दर्शनेश्वर शिवलिंङ्ग हैं, जिसके निकट मार्बल की नन्दी की बड़ी मूर्ति है। दक्षिण-पश्चिम के मन्दिर में गणेशजी, पश्चिमोत्तर के मन्दिर में पार्वतीजी, पूर्वोत्तर के मंदिर में एक शिवलिंङ्ग हैं। मंदिर में श्वेत और नीले मार्बल का फर्श है, दीवारों में बड़े बड़े दीवारगीर और आइने लगे हैं और ऊपर से बड़ बड़े झाड़ लटके हैं। बाटिका के दक्षिण पुराना राजमहल और उत्तर नया राजभवन है। नए राज-भवन के भीतर एक आंगन के चारो तरफ के मंदिरों में राधा, कृष्ण, राम ,जानकी, शिव, अन्नपूर्णा और योगमाया की मनोहर मूर्तियां हैं।

अयोध्या के राजा दर्शनसिंह शाकद्वीपी ब्राह्मण थे। इनके पुत्रो में राजा मानसिंह हुए, बड़े भाई के रहने पर भी मान- सिंह ही राजसिंहासन पर बैठे। उनको कोई पुत्र नहीं था, इसलिए उनके मरने पर उनके नाती अर्थात् पुत्री के पुत्र अयोध्या नरेश महाराज प्रतापनारायणसिंह उनके उत्तराधिकारी बने। हनुमानगढ़ी के संमुख राजा मानसिंह की रानी का बनवाया हुआ राजद्वार नाम से प्रसिद्ध अठपहला शिखरदार एक बड़ा मंदिर है। मंदिर में रामचंद्र जी की मूर्तियां हैं।

(११) हनुमानगढ़ी अयोध्या के प्रधान स्थानों और उत्तम इमारतों में से एक है। इसके बाहर की दीवार एक ओर से

२०० फीट और एक ओर से १५० फीट लम्बी है। इसकी उंचाई बाहर से ४५ फीट है। इस गढ़ी में ६० सीढ़ियों के ऊपर हनुमानजी का शिखरदार मंदिर है, जिसमें हनुमानजी के निकट रामचन्द्र और इनके सम्बन्धी लोगों को पच्चीस तीस मूर्तियां हैं। हनुमानजी की मूर्ति सर्वत्र खडी रहती है, केवल इसी मन्दिर में बैठी हुई है। लोग कहते हैं कि इनकी पुरानी मूर्ति, जो तीन फीट ऊंची है, फूलों में दबी रहती है। बड़ी मूर्ति, जो ३ फीट लंम्बी होगी, जिनके दर्शन होते है, बाद की स्थापित है।

(१२) अयोध्या के सब मन्दिरों से बड़ा और सुन्दर कनकभवन है। मन्दिर लगभग २ विग्रह में हैं। बड़े आंगन के तरफ पर दो- मञ्जिलें, तीन मंजिले मकान और मेहरावदार दालान बने हैं, ऊपर सैकड़ों सुनहरी कलशियां हैं। पश्चिम के मकानों में सुनहरे सिंहासनों पर मनोहर मूर्तियां हैं, जो संवत् १९४७ में स्थापित हुई। इनमें उत्तर की ओर राम जानकी की नई मूर्तियां, और इससे दक्षिण दूसरे भवन में लक्ष्मण जी को एक नई मूर्ति है। मन्दिर के चौखटों और किवाड़ों में सोने चांदी का उत्तम काम है, आगे के जगमोहन में सफेद मार्बल के दोहरे खम्भे लगे हैं। इस मन्दिर को बुंदेलखण्ड के अन्तर्गत टीकमगढ़ के महाराज महेन्द्र सवाई प्रतासिंह बहादुर ने एक लाख रुपए खर्च करके बनवाया है। पहले चरण पादुका के पास एक छोटे मन्दिर में राम जानकी को मूर्तियां थी, जो अब नए मन्दिर में स्थापित हुई हैं। रामनवमी के समय महाराज मन्दिर में आए थे।

(१३) राज महल स्थान पर एकमन्दिर में राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, जानकी की मूर्तियां गुरू वशिष्ठ की चरण पादुका और विश्वामित्र का आसन है।

(१४) रत्न सिंहासन स्थान पर एक मन्दिर में राम, लक्ष्मण, जानकी और वशिष्ठ मुनि की मूर्तियां हैं।
(१५) आनन्द-भवन स्थान पर एक मन्दिर में कौशल्या की गोद में रामचन्द्र, कैकेई की गोद में भरत, सुमित्रा की गोद में शत्रुघ्न और राजा दशरथ के आगे लक्ष्मण हैं और ऋषि वशिष्ठ और काकभुसण्डी की मूर्ति भी हैं।

(१६) राम कचहरी स्थान पर एक मन्दिर में राम, लक्ष्मण, जानकी, राधा, कृष्ण, बदरीनाथ, बालाजी जगन्नाथजी और ३६० सालग्राम हैं।

(१७) कोप-भवन स्थान पर एक मन्दिर में दशरथ, कैकेई, राम, लक्ष्मण, वशिष्ठ ऋषि और मंथरा है। दूसरे मन्दिर में २४ अवतारों की २४ मूर्तियां हैं।

(१८) सोता की रसोई स्थान पर एक मन्दिर में राम, जानकी, लक्ष्मण, भरत, भरत की पत्नी, दूसरी कोठरी में दशरथ, शत्रुघ्न, कौशल्या, कैकेई, सुमित्रा. राम, लक्ष्मण, जानकी, जगन्नाथ, बलभद्र, और सुभद्रा हैं। १० सीढ़ियों के नीचे एक तहखाने में चूल्हा चकला और बेलना है, जिनके पास जानकी, लक्ष्मी. और वशिष्ठ की मूर्तियां है।

(१९) कोप- भवन से आगे हनुमानगढ़ी से एक मील पश्चिम जन्मस्थान है, जहां रामचन्द्र का जन्म हुआ था। यहां उज्जैन के महाराज विक्रमादित्य का बनवाया हुआ, उत्तम मन्दिर था जिसको बाबर ने तोड़ कर उस स्थान पर सन् १५२८ ई० में मस्जिद बना ली। मन्दिर के दरवाजे पर पत्थर पर लिखा है कि सन् ९३३ हिजरी में मस्जिद बनी।

**अयोध्या की परिक्रमा**

यह 6 मील की छोटी परिक्रमा है, जो रामघाट से प्रारंभ होकर यहां पर ही समाप्त होती है। परिक्रमा में इस क्रम से स्थान और मंदिर मिलते हैं

(१) रघुनाथदास की गद्दी

(२) सीताकुंड

(३) अग्निकुंड,

(४) विद्याकुंड

(५) मनीपर्वत

यह 65 फीट ऊंचा एक टीला है, जिसके ऊपर छोटा मंदिर है। कच्ची सीढ़ियों से मंदिर के निकट जाना होता है।

(६) कुवेरपर्वत - यह मनोपर्वत से लगभग 200 गज दक्षिण 28 फीट ऊंचा एक टीला है।

(७) सुग्रीवपर्वत - कुबेरपर्वत से थोड़ी दूर पर 560 फीट लंबा और 300 फीट चौड़ा सुग्रीव- पर्वत नामक टीला है।

(८) लक्ष्मणघाट- स्वर्गद्वार से थोड़ी दूर दक्षिण- पश्चिम सरयू के किनारे लक्ष्मणघाट पर लक्ष्मण-कीला नामक टीला है, जिसके ऊपर एक मंदिर और कई देवस्थान बने हैं। किले के नीचे सरयू किनारे पत्थर की दीवार है।

(९) स्वर्गद्वारघाट

(१०) नाव के पुल के पास रामघाट।

इस परिक्रमा के अतिरिक्त 5 कोस. 14 कोस और 84 कोस की परिक्रमा हैं। 14 कोस की सरयू की परिक्रमा कार्तिक शुक्ल नवमी के दिन से होती है।

**सूर्यकुंड**

रामघाट से 5 मील सूर्यकुंड की दूरी है। यह सूर्यकुण्ड राजा दर्शनसिंह ने बनवाया है। चारो ओर 12 घाट बने हैं, जिनमें एक गौघाट और एक जनानाघाट है। जनानाघाट पर स्त्रियों के लिये स्नानागार बना है। तालाब के पश्चिम किनारे पर एक मंदिर में सूर्यनारायण की मूर्ति है।

**गुप्तार घाट**

इसका नाम पुराणों में गुप्तारघाट लिखा है। यह अयोध्या से 9 मील पश्चिम दिशा में स्थित है। गुप्तारघाट पर सरयू की पावन धारा में स्नान होता है। घाट के पास राजा टिकैत राय का वनवाया हुआ गुप्तहरि जी का मंदिर है, जिससे उत्तर एक घेरे में राजा दर्शनसिंह के पुत्र रघुवरदयाल का बनवाया हुआ उत्तम मंदिर है। मंदिर के पास कई और छोटे मंदिर है,इसके आगे सुंदर घाट है। गुप्तार घाट से 1 मील दक्षिण में निर्मलीकुंड के पास निर्मलनाथ महादेव का मंदिर है।

**नंदीग्राम**

अयोध्या से 16 मील दक्षिण दिशा कि ओर नंदीग्राम में भरतकुंड नामक सरोवर और भरत जी का मंदिर है। भरत जी रामचंद्र जी के बनवास के समय इसी स्थान पर रहते थे।

अयोध्या के रामघाट से 8 मील पूर्व सरयू के किनारे पर वह स्थान है, जहां राजा दशरथ जी का दाह हुआ था।

# राष्ट्रोपनिषत्

रचयिता
**स्व. आचार्य डॉ. नारायणशास्त्री काङ्कर विद्यालङ्कारः**
(महामहिम–राष्ट्रपति–सम्मानित)

हिन्दी-रूपान्तरण-कर्त्री
**सौ. श्रीमती इन्दु शर्मा**
एम.ए., शिक्षाचार्या

अंग्रेजी-रूपान्तरण-कर्त्ता
**महामण्डलेश्वरः स्वामी श्री ज्ञानेश्वरपुरी**
विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थानम्, जयपुरम्

**जनने मरणं नूनं, प्राकृतं कर्म वर्त्तते।**
**जातो यो न परं मृत्वा, तस्यैव जननं वरम् ॥१६८॥**

जनन–मरण तो निश्चित रूप से प्राकृतिक कर्म हैं। परन्तु जो मर करके पैदा नहीं हुआ उसी का जन्म श्रेष्ठ है।

Birth and death are natural, but the birth of that one who is not born again is the highest. |

**जनयेद् विनयं या न, दारिद्र्यं या न नाशयेत्।**
**धन–कलापहारिण्यास्,–तच्छिक्षायाः फलं किमु ? ॥१६९॥**

जो विनय उत्पन्न नहीं करे और दरिद्रता भी नष्ट नहीं करे, धन और समय को बर्बाद करने वाली उस शिक्षा का क्या फल है ?

What's the point of such education that neither creates humility nor destroys poverty but destroys time and money?

**जना विवेकिनो यत्र, स्वदायित्व – प्रबोधिनः।**
**तत्रैव जनतन्त्रं स्यात्, सर्वेषां सुखशान्ति – कृत् ॥१७०॥**

जहाँ लोग विवेकवान् और अपने दायित्व को समझने वाले होते हैं, वहीं जनतन्त्र सबको सुख शान्ति कारक होता है।

There democracy brings happiness and peace where people are prudent and understand their duty.

**जनोपयोगि – कार्याणि, सर्वकारः करोति यः ।**
**स एव लभते दीर्घम्, आयुः कीर्त्तिं श्रियं च हि ॥१७१॥**

जो सरकार जनोपयोगी कार्य किया करती है, वह ही दीर्घ आयु, कीर्त्ति और श्री प्राप्त करती है ।

The government that does the useful work for people has a long life and achieves fame and wealth.

**जन्मतो मृत्युपर्यन्तं, मृत्तिका सह तिष्ठति ।**
**मृत्तिकातः समुत्पन्नस्, – तस्यामेव विलीयते ॥१७२॥**

जन्म से मृत्यु तक प्राणी मिट्टी के साथ रहता है। मिट्टी से पैदा हुआ वह उस मिट्टी में ही विलीन हो जाता है ।

From the birth to the death living beings are living with the earth/dirt. Form earth/dirt they are born and, in the earth/dust/dirt they merge.

**जानन्नापि पतेत् कश्चित्, कूपे वाप्यां च मूढधीः।**
**तत्फलं तेन भोक्तव्यम्, ईश्वरोऽत्र करोतु किम् ? ॥१७३॥**

कोई मूर्ख जगता हुआ भी कूवे और बावड़ी में गिरता है तो उसका फल उसे भोगना ही चाहिये । इसमें ईश्वर क्या करे ?


If the stupid person even while awake falls into the well and step-well, he should bear the consequences of it. What God has to do with it?

**जायते म्रियते को न, जगत्यस्मिन् विनश्वरे ? ।**
**किन्तु जातः स एवास्ति, कीर्त्या योऽन्तेऽपि जीवति ॥१७४॥**

इस विनश्वर जगत् में कौन नहीं जन्म लेता और कौन नहीं मरता है ? किन्तु जन्म लेने वाला तो वही व्यक्ति है जो देहान्त हो जाने पर भी अपनी कीर्ति के साथ जीवित रहता है ।

Who is not born and who does not die in this mortal world? But,through the fame, the person who is born will live even after the death.

ISSN : 2582-6360












प्रकाशक : **विश्वगुरुदीप आश्रम शोध संस्थान** - कीर्ति नगर, श्याम नगर, सोढाला, जयपुर

**Website :** vgda.in **Youtube :** www.youtube.com/c/vishwagurudeepashram **E-mail :** jaipur@yogaindailylife.org